Jharkhand recruits 1700 Teachers for 89 Schools soon

झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 89 मॉडल स्कूलों को केंद्र प्रायोजित योजना से राज्य में स्थानांतरित करने की मंजूरी का संकल्प जारी कर दिया है। अब विभाग की ओर सभी मॉडल स्कूलों में 19 पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार कर पदवर्ग समिति को भेजा जाएगा। कुल मिलाकर 1700 नियुक्तियां होंगी।

विद्यालय का प्रबंध राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद के जिम्मे होगा। हर मॉडल स्कूल का संचालन एक प्रबंध समिति करेगी। इसमें सिविल सोसाइटी, अभिभावक और सरकार का समुचित प्रतिनिधित्व होगा। इन स्कूलों में छठी कक्षा में लिखित परीक्षा के आधार पर नामांकन होगा।

विशिष्ट कोटे के विद्यालय का दर्जा

छठी से बारहवीं कक्षा तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित इन विद्यालयों को राज्य सरकार ने विशिष्ट कोटे के विद्यालय का दर्जा दिया है। हर विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने वाले 11 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों के पद सृजित किए जाएंगे।

11 शिक्षकों में से एक-एक हिंदी, अंग्रेजी, गणित, रसायनशास्त्र, भौतिकी, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, वाणिज्य और संस्कृत के होंगे। मॉडल स्कूलों में सभी पदों पर नियुक्ति झारखंड +2 विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी नियुक्ति एवं सेवा नियमावली के तहत होगी। भाषा संबंधी विषयों को छोड़कर सभी विषयों की परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी होगा।